सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 280 | इंदौर, सोमवार 27 अप्रैल, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## $20 अरब का निवेश, 100% फ्री ड्यूटी...

● भारत-न्यूज़ीलैंड डील से होंगे ये बड़े फायदे



**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारतीय मार्केट में लिए आज बहुत ही खास दिन है, क्योंकि भारत और न्यूजीलैंड के बीच बड़ी डील साइन होने जा रही है. 27 अप्रैल, 2026 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में औपचारिक रूप से मुक्त व्यापार समझौते (FTA) पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं. यह डील साइन केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले की मौजूदगी में होगी.**

कुछ महीने पहले ही इस डील को लेकर ऐलान हुआ था और अब इस डील पर हस्ताक्षर होने जा रहा है. 16 मार्च 2025 को इस डील को लेकर बातचीत शुरू हुई और 22 दिसंबर 2025 को पूरी हो गई थी और सिर्फ 9 महीने में ही इसे पूरा कर लिया गया. बिजनेस टुडे के अनुसार, इसे भारत के उन सबसे तेज व्यापार समझौतों में से एक बताया जा रहा है, जो बातचीत से हस्ताक्षर तक पहुंचे हैं. औपचारिक रूप से लागू होने से पहले इस समझौते को दोनों देशों में घरेलू अप्रूवल की आवश्यकता होगी, जिसके 2026 के अंत में होने की उम्मीद है.

### आगरा को मिलेगा बड़ा लाभ

इसके अलावा, फाइबर, टेक्सटाइल्स, हथकरघा और फर्निशिंग चीजों पर भी शून्य टैक्स लागू होगा. चमड़ा और जूता क्षेत्र में शुल्क 5 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया गया है. वाणिज्य मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, आगरा भारत के चमड़े के जूता उत्पादन में लगभग 75 प्रतिशत का योगदान देता है. अब आगरा का इससे सीधा लाभ मिलेगा. बिजनेस टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक टैक्स छूट 50 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है. भारत के फार्मास्युटिकल और मेडिकल डिवाइस सेक्टर को न्यूजीलैंड में आसानी से पहुंच मिलेगी. वाणिज्य मंत्रालय के फैक्टशीट के अनुसार, न्यूजीलैंड सरकार संयुक्त राज्य अमेरिका के खाद्य और औषधि प्रशासन, यूरोपीय औषधि एजेंसी और ब्रिटेन की औषधि और स्वास्थ्य उत्पाद नियामक एजेंसी समेत तुलनीय अंतरराष्ट्रीय नियामकों द्वारा जारी गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस (जीएमपी) और गुड क्लिनिकल प्रैक्टिस (जीसीपी) निरीक्षण रिपोर्टों को स्वीकार करेगी, जिससे दोहराव वाले निरीक्षण समाप्त हो जाएंगे और अनुपालन लागत कम होंगे.

### किन किन चीजों पर जीरो टैरिफ?

वाणिज्य मंत्रालय की फैक्टशीट के अनुसार, शून्य शुल्क पहुंच वाले अन्य भारतीय क्षेत्रों में हल्के इंजीनियरिंग सामान, खेल के सामान, रसायन, इलेक्ट्रॉनिक्स, खाद्य प्रसंस्करण और कृषि शामिल हैं, जिनमें फल और सब्जियां, कॉफी, कोको, मसाले और अनाज शामिल हैं. बिजनेस स्टैंडर्ड के अनुसार, न्यूजीलैंड की प्रमुख निर्यात कैटेगरी में ऊन, शराब, लकड़ी, कोयला और ताजे फल, विशेष रूप से एवोकाडो और ब्लूबेरी शामिल हैं, जिन्हें इससे लाभ मिलने की संभावना है.

### कटाक्ष




© www.detectivegroupreport.com

सीएम मोहन यादव का बड़ा फैसला

# 50% तक कम चमक वाला गेहूं भी खरीदेगी सरकार, किसानों को राहत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव किसान कल्याण के लिए दिन-रात एक किए हुए हैं। उनके प्रयासों का असर भी दिखाई देने लगा है। उनकी कोशिशों की सफलता का अंदाजा इस निर्णय से लगाया जा सकता है कि राज्य सरकार अब 50 प्रतिशत खराब चमक वाला गेहूं भी खरीदेगी। इतना ही नहीं, प्रदेश सरकार ने पानी की कमी के कारण कम विकसित दाने की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत, क्षतिग्रस्त दानों की सीमा 6 प्रतिशत बढ़ा दी है। इन फैसलों के पीछे की वजह अन्नदाता को समृद्ध करना है। सीएम डॉ. यादव किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बता दें कि हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों की समृद्धि के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिया। इस फैसले के मुताबिक, अब किसानों को उनकी भूमि के बदले 4 गुना तक मुआवजा दिया जाएगा। यह निर्णय किसानों के अधिकारों की रक्षा करेगा और उनके



भविष्य को सुरक्षित करेगा। राज्य सरकार ने दलहन, उड़द और तिलहन फसल, सरसों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। उड़द को तय समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा और किसानों को तय समर्थन मूल्य के अतिरिक्त खरीदी गई उड़द पर 600 रुपए प्रति क्विंटल बोनस राशि भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोयाबीन की सफलता के बाद सरसों पर भी भावांतर योजना लागू करने की घोषणा कर चुके हैं। इससे सरसों के बाजार भाव में वृद्धि हुई है। किसानों को सरसों का दाम एमएसपी से भी ज्यादा मिल रहा है।

### आत्मनिर्भर बनेंगे किसान

बता दें, राज्य सरकार साल 2026 को 'किसान कल्याण वर्ष' के रूप में मना रही है। इस वर्ष किसानों को मात्र पांच रुपये में कृषि पंप का कनेक्शन दिया जा रहा है। सरकार की योजना है कि हमारे किसानों को रात के बदले दिन में ही सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली मिले। दूसरी ओर, राज्य सरकार की कृषक मित्र योजना में 90 प्रतिशत सब्सिडी पर किसान को सोलर सिंचाई के पंप भी दिए जा रहे हैं। इससे बिजली के मामले में किसान आत्मनिर्भर बनेंगे।

### मनचाहे स्थानों से मिलेगी खाद

प्रदेश में यूरिया की उपलब्धता 5.90 लाख मीट्रिक टन है। इसके अलावा अन्य उर्वरक के भी पर्याप्त भंडारण हैं। सरकार ने उर्वरकों की वितरण प्रणाली में भी सुधार किया गया है। नवाचार और तकनीक का उपयोग कर किसानों को अब बिना लाइन लगाए मनचाहे स्थानों से खाद दिलाने की व्यवस्था की गई है।

# इंदौर में पारा 43 डिग्री पर पहुंचा

## शाम को हुई हल्की बारिश ने दी कुछ राहत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर में भीषण गर्मी पड़ रही है। रविवार को पारा 43 डिग्री तक पहुंच गया हालांकि शाम को हुई बूंदाबांदी ने थोड़ी राहत दी। सुबह से ही सूरज के तल्ख तेवरों ने शहरवासियों को बेहाल कर दिया था लेकिन शाम होते-होते मौसम के मिजाज में बदलाव देखने को मिला। आसमान में बादलों की आवाजाही शुरू हुई और शहर के कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी के साथ हल्की बारिश हुई, जिससे तपती गर्मी से जूझ रहे लोगों को मामूली सुकून मिला। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार रविवार को दिन के तापमान में एक डिग्री सेल्सियस का उछाल आया। अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य औसत से 2 डिग्री अधिक है। दिनभर की तपिश के बाद रात के तापमान में भी बढ़ोतरी की आशंका जताई गई है, जिसके 28 डिग्री सेल्सियस के



आसपास रहने का अनुमान है। इससे पहले शनिवार का दिन इस सीजन का सबसे गर्म दिन साबित हुआ था। पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के स्तर को पार कर गया। तापमान में लगातार हो रही वृद्धि के कारण रात का पारा भी 6 डिग्री की छलांग लगाकर 28 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। भीषण गर्मी का प्रभाव पूरे शहर में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया, जहां दोपहर के समय पंखों की हवा भी बेअसर साबित हो रही थी।

कड़कती धूप और लू के कारण सड़कों पर आवाजाही काफी कम रही। लोग केवल अनिवार्य कार्यों के लिए ही घरों से बाहर निकलते नजर आए। प्रमुख चौराहों पर वाहन चालक रेड सिग्नल के दौरान धूप से बचने के लिए आसपास की छांव तलाशते दिखे। रात के समय भी गर्म हवाओं का सिलसिला जारी रहने से लोगों की नींद प्रभावित हुई और पूरे 24 घंटे गर्मी का प्रकोप बना रहा। शनिवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री अधिक यानी 28.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

### और उछल सकता है तापमान

आने वाले दिनों को लेकर मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी जारी की है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में पारा और अधिक ऊपर जा सकता है। संभावना जताई जा रही है कि अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के आंकड़े को भी पार कर सकता है, जिससे आने वाले हफ्तों में गर्मी की तीव्रता और अधिक बढ़ने के आसार हैं।

### स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए इंदौर हो रहा तैयार

# डिवाइडर, रोटरी पर रंग-रोगन, सफाई में भी कसावट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। देश के सबसे स्वच्छ शहर का लगातार नंबर वन खिताब जीतने वाले इंदौर ने एक बार फिर स्वच्छता सर्वेक्षण में सरताज बनने की तैयारी शुरू कर दी है। इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग के लिए इंदौर को अपने साथ देपालपुर को भी स्वच्छ बनाना होगा। सर्वेक्षण के लिए टीमें जल्द ही विभिन्न शहरों में रवाना होंगी और वर्षा ऋतु से पहले सर्वे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।**



इंदौर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, गार्बेज सेग्रिगेशन और डस्टबिन-फ्री सिटी जैसे सिस्टम पहले से ही अच्छी तरह काम कर रहे हैं, इसलिए अधिकारियों को इस दिशा में अधिक मेहनत नहीं करनी होगी। हालांकि, शहर को और सुंदर बनाने तथा नए मापदंडों पर अधिक अंक प्राप्त करने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 के नियमों में बदलाव किया गया है और कुल 12,500 अंक निर्धारित किए गए हैं। रैंकिंग सुधारने के लिए शहरों को कचरा प्रबंधन को और व्यापक बनाना होगा। अब केवल कचरा उठाने से ही रैंकिंग तय नहीं होगी, बल्कि सार्वजनिक स्थानों और सरकारी कार्यालयों की दीवारों पर पान-गुटखा के दाग, तथा पर्यटन स्थलों की गंदगी भी अंक घटा सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने हाल ही में "नो थू-थू" अभियान शुरू किया है।

इसके अलावा, नागरिकों का फीडबैक और सर्वेक्षण टीम द्वारा शहरवासियों से ली गई जानकारी भी महत्वपूर्ण होगी। शहर के प्रमुख चौराहों की रोटरी और डिवाइडरों को रंगा जा रहा है, जबकि सार्वजनिक दीवारों पर पेंटिंग की जा रही है। स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए नगर निगम वार्ड स्तर पर अभियान चलाएगा। इसके लिए मेयर ने महापौर परिषद की बैठक ली, जिसमें सभी पार्षदों को अपने-अपने वार्डों में जाकर स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण करने और कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए। शहर की बैकलेन पिछले वर्ष की तुलना में अधिक गंदी हो गई हैं। स्पॉट फाइन नहीं होने के कारण कई लोग यहां कचरा फेंकने लगे हैं। इसके अलावा, कई स्थानों पर सफाईकर्मियों के अस्थायी कचरा घर बना दिए गए हैं, जहां आसपास के निवासी भी कचरा डाल रहे हैं। शहर के नालों की सफाई बनाए रखना भी एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि हर साल सफाई के बावजूद उनमें गाद जमा हो जाती है।

### लक्स इंडस्ट्रीज का बड़ा पुनर्गठन

# वर्टिकल ए और सी का डिमर्जर, दो नई कंपनियां होंगी सूचीबद्ध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**कोलकाता/इंदौर। लक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने बिजनेस स्ट्रक्चर में व्यापक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वर्टिकल ए और वर्टिकल सी के डिमर्जर को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। यह निर्णय बोर्ड बैठक में लिया गया, जो प्रमोटर समूह के बीच हुए फैमिली सेटलमेंट एग्रीमेंट (एफएसए) के अनुरूप है।**

कंपनी ने बताया कि टोड़ी परिवार के प्रमोटर एवं प्रमोटर समूह के सदस्यों ने आपसी सहमति से फैमिली सेटलमेंट एग्रीमेंट किया है। इस समझौते का उद्देश्य परिवार के व्यवसायों, परिसंपत्तियों और ब्रांड्स का विभाजन कर दीर्घकालिक स्थिरता, पारदर्शिता और बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करना है। उल्लेखनीय है कि 22 नवंबर 2023 को कंपनी ने अपने व्यवसाय को तीन अलग-अलग वर्टिकल—ए, बी और सी में विभाजित करने की योजना को मंजूरी दी थी और अब उसी प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए डिमर्जर का निर्णय लिया गया है।

कंपनी के चेयरमैन अशोक कुमार टोड़ी ने कहा कि यह पुनर्गठन पारदर्शिता, अनुपालन और हितधारकों के हितों की सुरक्षा के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस कदम से दीर्घकाल में शेयरधारक मूल्य में वृद्धि होगी और प्रत्येक वर्टिकल को स्पष्ट रणनीतिक दिशा मिलेगी।

प्रस्तावित योजना के अनुसार, वर्टिकल ए और वर्टिकल सी के व्यवसाय को अलग कर दो नई कंपनियों में स्थानांतरित किया जाएगा, जिन्हें बाद में शेयर बाजार में सूचीबद्ध किया जाएगा, जबकि वर्टिकल इ का संचालन पहले की तरह लक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अंतर्गत जारी रहेगा।

# लसूडिया में ई-रिक्शा कारखाने में आग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** लसूडिया इलाके में रविवार दोपहर एक ई-रिक्शा मैन्युफैक्चरिंग कारखाने में आग लग गई। सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। फायर ब्रिगेड के अनुसार, आग ऑटो शोरूम के पीछे बने कंपाउंड में स्थित ई-रिक्शा कारखाने में लगी थी। घटना के दौरान काफी दूर तक धुआं उठता दिखाई दिया। कंपाउंड में मौजूद लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी, जिसके बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। बताया जा रहा है कि आग अंदर तक फैल गई थी, जिसे एक टैंकर पानी डालकर काबू में कर लिया गया। उधर, एरोड्रम क्षेत्र के 60 फीट रोड स्थित एक शोरूम में केबल में आग लग गई। आग कुछ ही देर में अंदर तक पहुंच गई। आसपास के लोगों ने पहले खुद आग बुझाने का प्रयास किया। बाद में मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया।

## मंडी में चाकू दिखाकर धमकाया, FIR

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** चोइथराम मंडी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। यह वीडियो गुरुवार का बताया जा रहा है, जो रविवार को सामने आया। मामले में अफसरों ने एफआईआर दर्ज करने की बात कही है। वहीं, एक अन्य मामले में अतिक्रमण हटाने गए रिमूवल टीम के सुपरवाइजर से दुकानदार की कहासुनी हुई है। पहला मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है। यहां एक एसआई दो दिन से आरोपी को मिलने के लिए बुला रहा था। जब वह नहीं पहुंचा, तो उसका वीडियो वायरल कर दिया गया। शुरुआत में इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हुई थी। प्रवेश को व्यापारियों के माध्यम से लगातार कॉल कर मिलने के लिए कहा जा रहा था और नहीं मिलने पर वीडियो वायरल करने की चेतावनी दी गई थी। बाद में रविवार को वीडियो वायरल हो गया। पुलिस अब प्रवेश की तलाश कर रही है। एडिशनल डीसीपी सुमित केरकट्टा ने बताया कि चोइथराम मंडी में एक वीडियो वायरल हुआ है।

### ● जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने सांवेर विधानसभा की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर समीक्षा बैठक ली

# स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन के लिये श्री सिलावट आगामी दिनों में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल और प्रिंसिपल सेक्रेटरी से करेंगे मुलाकात

### सांवेर विधानसभा में एक माह के भीतर स्वास्थ्य सेवाओं को चाक-चौबंद किया जाये, श्री सिलावट ने स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए निर्देश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने आज सांवेर विधानसभा की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर रेसीडेंसी कोठी पर समीक्षा बैठक ली। बैठक में मंत्री श्री सिलावट ने सांवेर विधानसभा के अंतर्गत चल रहे विभिन्न अस्पतालों द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। श्री सिलावट ने उज्जैन में आयोजित सिंहस्थ-2028 को दृष्टिगत रखते हुए सांवेर ब्लाक में प्रस्तावित नये कार्यों की सूची और योजनाओं पर चर्चा की। बैठक में मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार किये जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सांवेर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले अस्पतालों में नागरिकों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाये। प्रधानमंत्री आयुष्मान स्वास्थ्य योजना और आयुष योजनाओं का सभी को लाभ मिलें, यह भी सुनिश्चित किया जाये। सांवेर विधानसभा के अंतर्गत मांगलिया, क्षिप्रा, चन्द्रावतीगंज, पालिया, कुड़ाना, डकाच्या, सांवेर आदि के सभी अस्पतालों में चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सेस, एएनएम आदि अपना काम ईमानदारी, गुणवत्ता और सेवाभाव से करें। सभी अस्पतालों में मरीजों के लिये पर्याप्त मात्रा में दवाईयां, इंजेक्शन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। अस्पताल में फर्निचर, शुद्ध पेयजल, साफ-सफाई, शौचालय आदि सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहे। सभी अस्पताल समय पर खुलें और डॉक्टर ड्यूटी पर तैनात रहें। मरीजों को बेहतर से बेहतर ईलाज मिले। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि सांवेर विधानसभा के अन्तर्गत स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर से बेहतर बनाने के लिये वे आगामी दिनों में भोपाल में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल और प्रिंसिपल सेक्रेटरी से मिलेंगे और स्वास्थ्य सेवाओं से अवगत कराएंगे। बैठक में मंत्री श्री सिलावट ने कम्पेल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर, चिकित्सा उपकरण, मशीनों की उपयोगिता, फर्निचर की आवश्यकता, ऑक्सीजन लाईन की व्यवस्था आदि विषयों पर चर्चा की। साथ ही उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जल आपूर्ति की स्थिति, बेकअप की व्यवस्था, चिकित्सकों के कार्य एवं उपलब्धता, सांवेर सिविल अस्पताल एवं पीएचसी की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की।

# निर्माण कार्यों और सर्विस सेंटरों में अब ट्रीटेड पानी जरूरी

## 35 जगहों पर ट्रीटेड वॉटर के हाइड्रेंट स्थापित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जल संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए नगर निगम ने नई पहल शुरू की है। इस संबंध में महापौर पुष्यमित्र भार्गव और नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने भवन अधिकारियों, निरीक्षकों और जोनल अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।**

निर्देशों के अनुसार, नगर निगम सहित शहर में चल रहे सभी निर्माण कार्यों, ऑटोमोबाइल सर्विस सेंटरों और बगीचों में ट्रीटेड पानी का उपयोग अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा, निजी व्यक्ति और संस्थान भी अपने संबंधित जोनल कार्यालय में निर्धारित शुल्क जमा कर ट्रीटेड



पानी प्राप्त कर सकेंगे। इस पानी का उपयोग निर्माण कार्य, वाहन धुलाई और बगीचों की सिंचाई में किया जा सकेगा। नगर निगम के 8 जोनल कार्यालयों पर निर्धारित शुल्क जमा कर ट्रीटेड पानी प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध है। इनमें सुखलिया जोन, सुभाष नगर मेन, स्कीम नंबर 54, विजय नगर जोन, नेहरू स्टेडियम जोन, बिलावली जोन, हवा बंगला जोन और स्कीम नंबर 98 जोन शामिल हैं। इन स्थानों पर शुल्क जमा कर ट्रीटेड पानी लिया जा सकता है।

महापौर और नगर निगम आयुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि वे जल संरक्षण में सहयोग करें और निर्माण कार्यों, सर्विस सेंटरों और बगीचों में बोरिंग या नर्मदा के पानी के स्थान पर ट्रीटेड पानी का उपयोग करें।

नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया है कि नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि शहर में संचालित सभी निर्माण कार्यों और ऑटोमोबाइल सर्विस संबंधी गतिविधियों में बोरिंग या नर्मदा के पानी का उपयोग नहीं किया जाए, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। नगर निगम विभिन्न सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के माध्यम से ट्रीटेड पानी उपलब्ध करा रहा है। इनमें मेघदूत एसटीपी, प्रतिक सेतु एसटीपी, बिजलपुर एसटीपी, नहर भंडारा एसटीपी, प्राणी संग्रहालय एसटीपी और राधा स्वामी एसटीपी प्रमुख रूप से शामिल हैं।

नगर निगम द्वारा शहर के 35 स्थानों पर ट्रीटेड वॉटर हाइड्रेंट स्थापित किए गए हैं। इन स्थानों से नागरिक और संस्थाएं आसानी से ट्रीटेड पानी प्राप्त कर सकती हैं तथा इसका उपयोग निर्माण कार्यों और अन्य आवश्यक गतिविधियों में कर सकती हैं।

इन प्रमुख स्थानों में बापट चौराहा, आनंद मोहन माथुर सभागृह के सामने, सिनजीं अस्पताल के पास, सिक्का स्कूल के पास, स्कीम नंबर 54, सुयश विहार सुलभ कॉम्प्लेक्स के पास, नंदा नगर, पोस्ट ऑफिस नंदा नगर, नजता क्वार्टर, सयाजी पेट्रोल पंप सर्विस रोड, अपोलो प्रीमियर विजय नगर के पास, रत्नलोक कॉलोनी, अनुराग नगर, सत्यसाई नगर, झंडा चौक नंदा नगर (गली नंबर 15), सबरी नगर उद्यान के पीछे, नर्मदा कंट्रोल रूम, गड़बड़ी पुलिया के पास, रेती मंडी चौराहा, आराध्या धाम मंदिर, शिव सिटी, पुलक सिटी, रीजनल पार्क, नेहरू स्टेडियम के पास, केंद्रीय विद्यालय के पास तथा नेमावर रोड सहित अन्य स्थान शामिल हैं।

## फाइनेंस कंपनियों के नाम पर वाहन लूटने वाला रैकेट पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। हीरानगर पुलिस ने ऐसे रैकेट से जुड़े एक युवक को गिरफ्तार किया है, जो फाइनेंस कंपनियों के लिए कमीशन पर काम करता था। आरोपी लोगों की गाड़ियां उठाकर उनसे रुपए की मांग करता था। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि कंपनी किस्त नहीं भरने वालों की सूची इनके नंबरों पर साझा करती थी, जबकि ये अधिकृत कर्मचारी नहीं थे और कमीशन के लालच में यह काम कर रहे थे। फिलहाल उसके दो साथी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। टीआई सुशील पटेल के अनुसार, दो दिन पहले राजीव नगर निवासी शकील खान ने शिकायत दर्ज कराई। शकील मिस्त्री का काम करता है और उसने 2025 में एलएनटी से बाइक फाइनेंस कराई थी। जब वह अरबिंदो अस्पताल से घर लौट रहा था, तभी एमआर-10 क्षेत्र में तीन युवकों ने उसे रोक लिया और किस्त नहीं भरने की बात कहकर बाइक छीनकर ले गए। बाद में शकील जब फाइनेंस कंपनी के ऑफिस पहुंचा तो वहां से बताया गया कि उनकी टीम के किसी कर्मचारी ने गाड़ी जब्त नहीं की है। इसके बाद उसने अपनी बाइक की तलाश शुरू की। कुछ समय बाद उसे बाइक छीनने वाला एक युवक वाहन चलाते हुए दिखाई दिया, जिसने बाइक लौटाने के बदले पैसों की मांग की। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नीरज लोधी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में नीरज ने अपने दो अन्य साथियों के नाम भी बताए हैं, जो अभी फरार हैं। उसने बताया कि वे फाइनेंस कंपनियों से किस्त नहीं भरने वालों का डेटा हासिल कर लेते थे और फिर उनकी गाड़ियां छीन लेते थे। इसके बदले उन्हें कमीशन भी मिलता था। पुलिस अब इस मामले में डेटा लीक करने वाले लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है और उन्हें भी आरोपी बनाया जा सकता है।

## 153 शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। क्राइम कंट्रोल करने के लिए शनिवार-रविवार की दरमियानी रात को पुलिस ने सघन चेकिंग और पेट्रोलिंग की। अलग-अलग थानों में पुलिस फोर्स सड़कों पर रहा और गुंडे-बदमाशों और आपराधिक तत्वों की चेकिंग कर कार्रवाई की।**

पुलिस ने गुंडे, बदमाशों और असामाजिक तत्वों की निगरानी करते हुए कई गुंडे/बदमाशों को चेक किया और उनमें से 330 पर उचित वैधानिक कार्रवाई की। इसमें विभिन्न प्रकरणों में 124 से ज्यादा वारंटों को तामील कराया गया। इसमें 18 स्थाई और 30 गिरफ्तारी और 76 जमानती वारंट




तामील किए गए। वहीं पुलिस ने शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की। पुलिस ने रात में 153 शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ 185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ये कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, ताकि शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए लोगों की जान जोखिम में डालने वाले लापरवाह वाहन चालकों की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सके।

इधर, पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध शराब भी पकड़ी। कनाडिया पुलिस ने 32 क्वार्टर देशी शराब और द्वारकापुरी पुलिस ने 22 क्वार्टर देशी शराब के साथ एक-एक आरोपी को गिरफ्तार किया और शराब जब्त कर आबकारी एक्ट में कार्रवाई की। वहीं पब्लिक प्लेस में शराब पीने वाले 6 लोगों पर भी कार्रवाई की गई। वहीं भंवरकुआं पुलिस ने 2.916 किलोग्राम गांजे के साथ सुनील सोलंकी नामक युवक को गिरफ्तार किया।

## दुकानदार और सुपरवाइजर में विवाद, सिर फोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। सराफा बाजार में रविवार को फुटपाथ से सामान हटाने के दौरान एक दुकानदार और रिमूवल गाड़ी में काम करने वाले सुपरवाइजर के बीच कहासुनी हो गई। इस दौरान आरोपी ने नुकीली वस्तु से सुपरवाइजर का सिर फोड़ दिया। पुलिस ने मामले में घायल निगमकर्मी का मेडिकल कराया है। टीआई राजकुमार लिटोरिया के मुताबिक, राजबाड़ा के पीछे रिमूवल टीम रविवार को लगने वाले बाजार में फुटपाथ से दुकानदारों को हटाने पहुंची थी। इस दौरान निलेश नाम के युवक का सामान शुभम गर्दे, निवासी द्वारकापुरी, ने उठाकर गाड़ी में रख लिया। इसी बात पर निलेश और शुभम के बीच कहासुनी हो गई। आरोपी ने इस दौरान नुकीली वस्तु से शुभम के सिर पर हमला कर दिया। घायल अवस्था में शुभम सराफा थाने पहुंचा। टीआई ने उसका मेडिकल कराया। सूचना मिलने के बाद नगर निगम के अन्य कर्मचारी भी वहां पहुंच गए। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।

### छुट्टी के दिन हाई कोर्ट में हुई सुनवाई

## शिवाजी मार्केट के व्यापारियों को राहत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शिवाजी मार्केट के करीब 120 व्यापारियों को बड़ी राहत मिली है। लंबे समय से रिवर फ्रंट प्रोजेक्ट के तहत मार्केट को हटाने की कोशिशों के बीच प्रशासन द्वारा जारी बेदखली आदेश पर अब रोक लग गई है। रविवार को विशेष सुनवाई में हाई कोर्ट ने व्यापारियों के पक्ष में फैसला देते हुए उन्हें तत्काल बेदखल करने पर रोक लगा दी।**

दरअसल प्रशासन शिवाजी मार्केट को हटाकर व्यापारियों को नंदलालपुरा में विस्थापित करना चाहता है। इससे पहले भी हाई कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि व्यापारियों को बलपूर्वक नहीं हटाया जा सकता और बेदखली से पहले उन्हें उचित सुनवाई का अवसर दिया जाना जरूरी है। इसके बावजूद जनवरी 2026 में निगम ने व्यापारियों की लीज निरस्त कर दी और मामला एसडीएम, जूनी इंदौर के पास भेजा गया। एसडीएम ने 31 मार्च को नोटिस जारी कर 9 अप्रैल को सुनवाई तय की थी। व्यापारियों की ओर से सीनियर एडवोकेट मनीष यादव और मेहुल वर्मा ने जवाब पेश किया। बताया गया कि 22 अप्रैल को बेदखली का आदेश जारी कर दिया गया। इसकी सूचना भी 24 अप्रैल को दी गई, जिससे अपील का समय भी सीमित हो गया। मामले में प्रशासन जल्द ही कार्रवाई कर व्यापारियों को हटाने की तैयारी में था। इस पर व्यापारियों ने तत्काल कानूनी रास्ता अपनाया। एडवोकेट के माध्यम से चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर छुट्टी के दिन सुनवाई की मांग की गई, जिसे स्वीकार कर लिया गया। रविवार सुबह 11 बजे जस्टिस प्रणय वर्मा की बेंच में विशेष सुनवाई हुई। व्यापारियों के वकीलों ने दलील दी कि एसडीएम ने मात्र 13 दिनों में एक तरफा फैसला दिया और उचित सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया। दूसरा आदेश की जानकारी देर से देकर अपील का मौका सीमित किया गया। जिस स्थान पर विस्थापन प्रस्तावित है, वह भी पूरी तरह वैध नहीं है। कोर्ट ने एडवोकेट यादव और वर्मा की दलीलों से सहमत होते हुए व्यापारियों को एक हफ्ते के भीतर कमिश्नर के सामने अपील करने की अनुमति दी, तब तक एसडीएम के बेदखली आदेश पर रोक लगा दी गई। साथ ही स्पष्ट किया कि कमिश्नर द्वारा स्थगन पर फैसला आने तक व्यापारियों को नहीं हटाया जाएगा। इसके पूर्व इन व्यापारियों के समर्थन में शनिवार से कांग्रेस भी मैदान में उतर गई थी। व्यापारियों ने दुकानें बंद कर आंदोलन शुरू किया था। अब हाई कोर्ट के आदेश के बाद व्यापारियों में राहत है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव कोटा जिले में श्री कृष्ण यदुवंशी अहीर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुए शामिल

# मध्यप्रदेश और राजस्थान के लिए आर्थिक समृद्धि के द्वार खोलेगी पार्वती-कालीसिंध-चम्बल परियोजना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**कोटा/भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चंबल मैया का आशीर्वाद मध्यप्रदेश और राजस्थान दोनों प्रांतों को मिल रहा है। हमारा प्रदेश अनेक नदियों के उद्गम के कारण नदियों का मायका है। मध्यप्रदेश और राजस्थान जोड़ीदार प्रदेश हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद से स्वीकृत पार्वती-कालीसिंध-चंबल अंतर्राज्यीय परियोजना से मध्यप्रदेश और राजस्थान लाभान्वित होंगे। पीकेसी प्रोजेक्ट मध्यप्रदेश और राजस्थान के लिए आर्थिक समृद्धि के द्वार खोलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कोटा जिले में श्रीकृष्ण यदुवंशी अहीर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित** कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 16 संस्कारों में पाणिग्रहण संस्कार शामिल है। विवाह ही कुल और गोत्र को आगे बढ़ाते हुए अमरता देते हैं। विवाह से जीवन साथी के साथ बेटियों को नए माता- पिता मिलते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामूहिक विवाह समारोह में नव दंपतियों को आशीर्वाद और मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान में सामूहिक विवाह काफी उपयोगी हैं। मेरे अपने बेटे का विवाह सादगी पूर्वक किया था। परिवारों को खर्चीले विवाहों के कारण आर्थिक कष्ट उठाने होते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने समाज का मार्गदर्शन किया। धर्म मार्ग पर चलने की सभी को प्रेरणा दी। अनेक कष्ट सहते हुए उनका जीवन एक उदाहरण बना। भगवान श्री कृष्ण ने लोकतंत्र की स्थापना



का उदाहरण दिया था, जब कंस के वध के पश्चात स्वयं सत्ता नहीं संभाली। वे लोकतंत्र के सच्चे नायक थे। उन्होंने धर्म के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी। मध्यप्रदेश सरकार श्रीकृष्ण पाथेय का विकास कर रही है।

लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कहा कि आज यदुवंशी समाज के युवा उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने दायित्व निर्वहन के लिए गंभीर हैं। समाज के युवा सेना में शामिल होकर सीमा की रक्षा कर रहे हैं। श्री बिरला ने कहा कि यह निश्चित ही प्रशंसनीय है कि यदुवंशी समाज वर्तमान सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य कर रहा है। निःशुल्क विवाह समारोह का लाभ युवाओं को मिल रहा है। श्री बिरला ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समारोह में आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त की। श्री बिरला ने नव दम्पतियों को बधाई दी। प्रारंभ में ग्राम रींछी में आयोजित प्रथम निःशुल्क 38वें सामूहिक विवाह सम्मेलन की आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव और लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला का आत्मीय स्वागत किया।

राजस्थान के शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन जैसे आयोजन समाज में व्याप्त गरीबी और अमीरी की खाई को पाटने का कार्य करते हैं। राजस्थान के ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर ने कहा कि आज सर्व समाज को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव समाज के गौरव हैं। वे राजस्थान और मध्यप्रदेश को भाई-भाई मानते हैं। दोनों राज्यों की सरकारों ने सामूहिक प्रयास किया और आज पार्वती- काली सिंध- चंबल नदी परियोजना पर कार्य हो रहा है। पीकेसी परियोजना से मध्यप्रदेश के साथ राजस्थान के किसानों को भी सिंचाई के लिए पर्याप्त जल मिलेगा।

राजस्थान के विधायक महंत बाबा बालक नाथ ने कहा कि योगेश्वर श्री कृष्ण ने यदुवंशी कुल में जन्म लेकर पूरे समाज को धन्य किया। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में गरीब और पिछड़ा वर्ग के परिवारों को शामिल कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। यदुवंशी समाज धर्म के मार्ग पर चलते हुए आगे बढ़ने वाला समाज है। सामूहिक विवाह सम्मेलन के माध्यम से शादी विवाह में फिजूल खर्ची रुकी है। कार्यक्रम में अनेक संत-वृंद, राजस्थान और मध्यप्रदेश के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# आश्रम से चुराकर रेलवे ट्रैक पर बांधी पांच गाय, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**हरदा, एजेंसी।** हरदा जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र में गंजालेश्वर आश्रम से पांच गोवंशीय पशुओं को चुराकर रेलवे ट्रैक पर बांधने का मामला सामने आया है। शनिवार रात हुई इस घटना में ट्रेन की चपेट में आने से सभी मवेशियों की मौत हो गई। रविवार सुबह छिदगांव मेल क्षेत्र में ट्रैक के पास शव मिले, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अज्ञात आरोपियों ने आश्रम से मवेशियों को चुराया और उन्हें रस्सी से रेलवे ट्रैक पर बांध दिया। इसके बाद ट्रेन गुजरने से सभी पशु उसकी चपेट में आ गए। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी रही। सूत्रों के अनुसार, आश्रम के कर्मचारियों का दो दिन पहले किसी से विवाद हुआ था, जिसे घटना से जोड़कर देखा जा रहा है। घटना के विरोध में हिंदूवादी संगठनों ने करीब तीन घंटे तक प्रदर्शन किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने प्रशासन को तीन दिन का समय देते हुए कार्रवाई की मांग रखी। एसडीओपी आकांक्षा तलया ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि मवेशियों को ट्रैक पर बांधने के कारण उनकी मौत हुई और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### सिंहस्थ 2028 के लिए यूडीए की नई टीम तैयार

# उज्जैन विकास प्राधिकरण में ढाई साल बाद हुई नियुक्ति लंबित प्रोजेक्ट्स-मास्टर प्लान की फाइलों को मिलेगी गति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। मध्य प्रदेश शासन ने सिंहस्थ महापर्व 2028 की व्यापक तैयारियों के मद्देनजर उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) की नई टीम नियुक्त की है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा रविवार को जारी आदेश के अनुसार, रविन्द्र (रवि) सोलंकी को प्राधिकरण का अध्यक्ष बनाया गया है। यह नियुक्तियां लगभग ढाई साल बाद की गई हैं।**

शासन ने भविष्य की बड़ी योजनाओं को देखते हुए इस बार बोर्ड में दो उपाध्यक्षों की तैनाती की है। मुकेश यादव और रवि वर्मा को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त, बोर्ड में पांच सदस्यों को भी जगह मिली है, जिनमें विजय अग्रवाल, अमित श्रीवास्तव, रामचंद्र शर्मा (रामागुरु), सुशीला जाटवा और दुर्गा बिलोटिया शामिल हैं।

### लंबित प्रोजेक्ट को मिलेगी गति

नवनियुक्त टीम पर सिंहस्थ से जुड़े बुनियादी ढांचे, नई कॉलोनियों और सड़कों के विकास को समय



पर पूरा करने का महत्वपूर्ण जिम्मा होगा। प्राधिकरण के लंबित प्रोजेक्ट्स और मास्टर प्लान की फाइलों को गति मिलने की उम्मीद है। सिंहस्थ क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधाओं और घाटों के विस्तारीकरण जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स अब इसी नई कार्यकारिणी की देखरेख में आगे बढ़ेंगे। नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 के तहत की गई ये नियुक्तियां अस्थाई तौर पर आगामी आदेश तक प्रभावी रहेंगी। उज्जैन के नियोजित विस्तार में यूडीए की अहम भूमिका है, और सरकार का मुख्य फोकस 2028 से पहले शहर के बुनियादी ढांचे को विश्वस्तरीय बनाने पर है। नई कार्यकारिणी में अनुभवी चेहरों और महिला प्रतिनिधियों को शामिल कर प्रशासन ने विकास कार्यों में गति लाने का संकेत दिया है। अब इस टीम के सामने 2028 तक उज्जैन को सिंहस्थ के अनुकूल तैयार करने की चुनौती होगी।

### एसपी का 'मिशन 3 डी' सक्सेस

# दहेज, दारू और डीजे बिना हुई शादी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी, एजेंसी।** बड़वानी जिले में पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल के 'मिशन 3 डी' (दहेज, दारू और डीजे मुक्त अभियान) का सकारात्मक प्रभाव दिखने लगा है। इसी कड़ी में पाटी थाना क्षेत्र के ग्राम सावरियापानी में एक परिवार ने सादगीपूर्ण और कुरीतिमुक्त विवाह संपन्न कर समाज के सामने एक मिसाल पेश की। इस पहल के लिए पुलिस ने परिवार को सम्मानित भी किया।

ग्राम सावरियापानी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता हरसिंह जमरे ने रविवार को अपनी बेटी का विवाह 'मिशन 3 डी' के सिद्धांतों के अनुरूप किया। उन्होंने 05 अप्रैल 2026 को ग्राम सागबारा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम से प्रेरणा ली थी। इस विवाह में दहेज प्रथा का पूरी तरह त्याग किया गया, इसे नशामुक्त रखा गया और डीजे का उपयोग न करके फिजूलखर्ची व ध्वनि प्रदूषण से बचा गया। हरसिंह जमरे ने बताया कि उनकी बेटी की शादी में दहेज प्रथा और शराब का सेवन पूरी तरह बंद रखा गया। इस दौरान नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। उन्होंने डीजे के बजाय पारंपरिक तरीके से विवाह की रस्में निभाईं। इस सराहनीय पहल की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर, डीएसपी (मुख्यालय) महेश सुनैया और थाना प्रभारी पाटी रामदास यादव सहित एक पुलिस टीम ग्राम सावरियापानी पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने हरसिंह जमरे और उनके परिवार को पुष्पमाला, शॉल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने परिवार के इस प्रयास की सराहना की। 'मिशन 3 डी' का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त दहेज प्रथा, नशे की प्रवृत्ति और अनावश्यक खर्च जैसी कुरीतियों को समाप्त कर परिवारों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना है। इस अभियान के माध्यम से पुलिस अधीक्षक लगातार विवाह जैसे आयोजनों को सरल, सादगीपूर्ण और कुरीतिमुक्त बनाने के लिए प्रयासरत हैं।

बड़वानी पुलिस ने जिलेवासियों से इस मुहिम से जुड़ने की अपील की है। पुलिस ने लोगों से दहेज, दारू और डीजे मुक्त विवाह को अपनाकर एक स्वस्थ, जागरूक और नशामुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान देने का आग्रह किया है।

# हाथी ने महिला को कुचलकर मार डाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अनूपपुर, एजेंसी।** अनूपपुर जिले के भोलगढ़ गांव में रविवार दोपहर एक हाथी ने परिवार पर हमला कर दिया। हमले में एक महिला की जान चली गई, जबकि उसका पति और बेटा गंभीर रूप से घायल है। घटना जिला मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर दूर जंगल के रास्ते में हुई। भोलगढ़ निवासी समयलाल पाव का परिवार चटुआ गांव के पास अपने खेत में काम करने गया था। दोपहर करीब 3 बजे जब 28 वर्षीय प्रेमवती पाव, अपने पति रामानुज और 6 साल के बेटे दीपक के साथ जंगल के रास्ते घर लौट रही थीं, तभी अचानक एक हाथी सामने आ गया। इससे पहले कि परिवार संभल पाता, हाथी ने उन पर हमला कर दिया। हाथी ने प्रेमवती को कुचल दिया, जिससे उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### सेवा निवृत्ति के बाद भी सेवा का जज़्बा हमेशा जीवित रहता है — डीजीपी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस राज्य सेवा संवर्ग के सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के संगठन द्वारा 41वां वरिष्ठ सदस्य एवं मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह आज भोपाल के नर्मदापुरम रोड स्थित वृंदावन गार्डन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीजीपी श्री कैलाश मकवाणा ने कहा कि सेवा निवृति के बाद भी कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और समाज के प्रति समर्पण की भावना जीवनभर बनी रहती है। उन्होंने राज्य सेवा संवर्ग के सेवानिवृत्त अधिकारियों को विभाग की सुदृढ़ नींव बताते हुए कहा कि उनके अनुभव, कार्यशैली और जीवन मूल्यों से नई पीढ़ी निरंतर प्रेरणा प्राप्त कर रही है। डीजीपी श्री मकवाणा ने कहा कि विभाग सेवानिवृत्त अधिकारियों के अनुभवों को संरक्षित कर उनका संस्थागत उपयोग सुनिश्चित करने की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रहा है।

## संपादकीय

### FTA: भारत-न्यूज़ीलैंड मित्रता का नया अध्याय

भारत और न्यूजीलैंड के बीच लंबे समय से पेंडिंग फ्री ट्रेड एग्रीमेंट ( FTA ) पर सोमवार को भारत मंडपम में साइन होने जा रहे हैं। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, इस मौके पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के ट्रेड और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले मौजूद रहेंगे। मार्च 2025 में शुरू हुई बातचीत के बाद इस समझौते को दिसंबर 2025 में अंतिम रूप दिया गया था। यह समझौता दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने और आर्थिक सहयोग बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। पीयूष गोयल ने कहा कि आने वाले महीनों में यह एग्रीमेंट लागू होगा और व्यापार बढ़ाने का प्रमुख माध्यम बनेगा। समझौते के तहत भारत से न्यूजीलैंड जाने वाले करीब 70% सामान पर इंपोर्ट ड्यूटी खत्म होने की उम्मीद है, जिससे घरेलू उद्योगों को बड़ा फायदा मिलेगा। खासतौर पर आगरा का लेदर और फुटवियर सेक्टर, उत्तर प्रदेश का हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट्स और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट जैसी योजनाओं को नए बाजार मिलेंगे। यह MSME और श्रम- प्रधान उद्योगों के लिए अहम अवसर लेकर आएगा। फार्मा और मेडिकल डिवाइस सेक्टर को तेजी से मंजूरी देने, गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करने और नियमों को सरल बनाने पर भी सहमति बनी है। कृषि क्षेत्र में कीवी, सेब और शहद को लेकर एग्रीटेक सहयोग बढ़ेगा। समझौता अगले पांच साल में द्विपक्षीय व्यापार को 2.4 अरब डॉलर से बढ़ाकर 5 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखता है। न्यूजीलैंड ने अगले 15 साल में भारत में 20 अरब डॉलर निवेश की प्रतिबद्धता जताई है, जिससे रोजगार और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सेवाओं के क्षेत्र में भी यह समझौता महत्वपूर्ण है। इसके तहत भारतीय पेशेवरों के लिए हर साल 5,000 तक अस्थायी रोजगार वीजा का प्रावधान होगा, जिसकी अवधि तीन साल तक हो सकती है। इसमें आईटी इंजिनियरिंग, हेल्थकेयर, शिक्षा, निर्माण के साथ-साथ आयुष विशेषज्ञ, योग प्रशिक्षक, शेफ और म्यूजिक टीचर भी शामिल होंगे।

सैर सपाटा

# यूपी में रहते हैं? इन 8 फेमस धार्मिक जगहों पर लाइफ में एक बार तो जरूर जाएं



यूपी के रहने वाले हैं तो इन 8 धार्मिक प्लेसेज को बिल्कुल ना मिस करें। देश-विदेश से लोग इन जगहों को देखने के लिए आते हैं। घूमने के शौकीन अक्सर पहाड़ों और समुंदर किनारे जाते हैं। लेकिन अगर आप मन का सुकून और अपनी समस्याओं का अंत चाहते हैं तो उत्तर प्रदेश के इन प्लेसेज पर विजिट जरूर करना चाहिए। जहां पर देश-दुनिया के लोग भक्ति में डूबे आते हैं और देवी-देवताओं के दर्शन पूजन से सुकून और शांति पाते हैं। तो अगर यूपी में रहने के बाद भी इन प्लेसेज को नहीं देखा तो एक बार जरूर जाएं।

### वाराणसी

वाराणसी के घाट पर विदेश से लोग मन की शांति की तलाश में आते हैं। फिर आप तो यूपी में ही रहते हैं। शिव पुराण में लिखा है कि काशी भगवान शिव की बसाई नगरी है। जो आदि-अनंत काल से बनी है। यहां पर काशी विश्वनाथ के दर्शन करने के साथ लोग गंगा के घाट और गंगा आरती के लिए खूब आते हैं।

### प्रयागराज

काशी से मात्र 101 किमी की दूर पर बसा है प्रयागराज, जिसे तीर्थराज भी बोलते हैं। इस पवित्र शहर में गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम है। जिसमे स्नान के लिए दूर-दूर से टूरिस्ट और भक्त आते हैं।

### सारनाथ

मन की शांति चाहते हैं तो वाराणसी से मात्र 10 किमी की दूर पर बने सारनाथ जरूर जाएं, जो गौतम बुद्ध की नगरी है। जहां पर दूर से टूरिस्ट मन की शांति की तलाश में आते हैं। इस जगह की सैर एक बार लाइफ में जरूर करनी चाहिए।

### चित्रकूट

रामायण काल की जगहों को देखने की उत्सुकता दिल में रहती है तो चित्रकूट जरूर जाएं। ये शहर आधा उत्तर प्रदेश में हैं और आधा मध्य प्रदेशन में। चित्रकूट में भगवान राम माता सीता और लक्ष्मण के साथ वनवास के लिए सरयू नदी पार करते हैं। यहां पर माता सीता की रसोई, हनुमान जी का मंदिर और सरयू नदी के तट को देखने का मौका मिलता है। जिसे यूपी में रहने वालों को जरूर देखना चाहिए।

### विंध्याचल

प्रयागराज से मात्र 65 किमी दूर विंध्याचल टेंपल है, जो शक्तिपीठ है। इस मंदिर की मान्यता काफी ज्यादा है और भक्त देवी मां के दर्शन के लिए दूर-दूर से आते हैं।

### वृंदावन

कान्हा की नगरी वृंदावन में एक बार गए तो पूरी तरह से कृष्ण की भक्ति में डूब जाएंगे। यहां के कण-कण में भगवान कृष्ण बसे हैं। वृंदावन में केवल हिंदू ही नहीं बल्कि विदेशो से आने वाले टूरिस्ट भी कान्हा की भक्ति में रम जाते हैं। इस प्लेस पर लाइफ में एक बार जरूर जाना चाहिए।

### मथुरा, ब्रजभूमि

कान्हा की जन्मस्थली मथुरा मस्ट विजिट प्लेस है। केवल मथुरा ही नहीं कान्हा की भक्ति में डुबाने के लिए यहां के आसपास बने गोकुल, वृंदावन, नंदनगरी, बरसाना सारे ही प्लेस हैं। जहां एक बार जाने के आपका मन बार-बार जाने का होगा।

### अयोध्या

रामनगरी अयोध्या जाकर राम मंदिर जरूर देखें और साथ ही रामलला के दर्शन जरूर करने चाहिए।

Bihar

# कोसी-सीमांचल में बारिश-वज्रपात के कारण पांच लोगों की मौत, आज 14 जिलों में अलर्ट

**पटना, (एजेंसी)** बिहार में मौसम का मिजाज बदल चुका है। रविवार देर रात कोसी-सीमांचल के जिलों में मूसलाधार बारिश हुई। पूर्णिया समेत कुछ जिलों में तो ओले भी गिरे। सहरसा, सुपौल, कटिहार, पूर्णिया और अररिया में तेज आंधी कई कच्चे मकानों को गिरा दिया। कई पेड़ गिर गए। इन जिलों में वज्रपात के कारण पांच लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में कटिहार के तीन लोग, पूर्णिया और अररिया एक-एक महिला की मौत हो गई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इन घटना पर शोक जताया जताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। उन्होंने सभी



मृतक के आश्रितों को तत्काल चार-चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार को उत्तर और उत्तर पूर्वी बिहार के जिलों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, वैशाली, दरभंगा, समस्तीपुर, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, अररिया, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार में आंधी और बारिश के आसार हैं। इन जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में 40 से 50 किमी की रफ्तार से हवा चलने के भी आसार हैं।

इधर, दक्षिण बिहार, दक्षिण-पश्चिम बिहार के लिए कोई भी चेतावनी जारी नहीं की गई है। पटना समेत

P. Bangal

**पीएम मोदी की रैली से पहले जगद्दल में भारी हिंसा**

## भाजपा-टीएमसी -TMC के समर्थक आपस में भिड़े; बमबाजी में 3 घायल

**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में रविवार रात को भारी हिंसा भड़क गई। यह घटना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोमवार को होने वाली जनसभा से कुछ घंटे पहले हुई। मामले में जगद्दल पुलिस स्टेशन के सामने तृणमूल कांग्रेस (TMC) और भारतीय जनता पार्टी (BJP) के समर्थक आपस में भिड़ गए। इस संघर्ष में पत्थरबाजी, बमबाजी और फायरिंग की खबरें सामने आई हैं।

हिंसा की शुरुआत प्रधानमंत्री के दौरे के लिए लगाए गए राजनीतिक झंडों और पोस्टरों को फाड़ने से हुई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि टीएमसी समर्थकों ने जगद्दल इलाके में उनके प्रचार सामग्री का अपमान किया। इसके बाद दोनों पक्षों के समर्थक पुलिस स्टेशन के सामने जमा हो गए। वहां उनके बीच तीखी बहस हुई और फिर मारपीट शुरू हो गई। स्थानीय पुलिस इस स्थिति को संभालने में काफी मशक्कत करती दिखी।

इस संघर्ष के दौरान भाटपारा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार और विधायक पवन सिंह के आवास पर बम फेंके गए। विधायक के घर पर हुए इस हमले से पूरे इलाके में दहशत फैल गई और संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा। इस धमाके में तीन लोग घायल हुए हैं, जिन्हें तुरंत पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

भाजपा उम्मीदवार पवन सिंह ने कहा कि यह विवाद पिछले दिन एक नुक्कड़ सभा के दौरान शुरू हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय पार्षद के नेतृत्व में टीएमसी के लोगों ने भाजपा के कार्यक्रमों में बाधा डाली। पवन सिंह के मुताबिक, जब वे पुलिस स्टेशन से शिकायत करके घर लौट रहे थे, तब उन पर पत्थरों और बमों से हमला किया गया।

Rajasthan

## सो रहे पति को पत्नी ने उतारा मौत के घाट

**पोकरण (जैसलमेर), (एजेंसी) राजस्थान के सांकड़ा क्षेत्र के लूणाखुर्द गांव में पत्नी ने सो रहे अपने पति की सरिये से वार कर हत्या कर दी। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पत्नी को दस्तयाब किया और पूछताछ की जा रही है। सांकड़ा थानाधिकारी राणसिंह सोढ़ा ने बताया कि रविवार को सुबह सूचना मिली कि लूणाखुर्द गांव निवासी हनुमानाराम (35) पुत्र सालूराम मेघवाल की शनिवार की रात हत्या हो गई है।**

जिस पर थानाधिकारी सोढ़ा पुलिस बल के साथ लूणाखुर्द पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने इधर-उधर पूछताछ कर घटना की जानकारी ली तो सामने आया कि हनुमानराम और उसकी पत्नी के बीच कुछ समय से घरेलू विवाद के कारण आए दिन झगड़ा हो रहा था। वह कई बार पत्नी के साथ मारपीट भी करता था। शनिवार की रात पत्नी अमका ने हनुमानराम के सोने के बाद लोहे के सरिये से वार कर उसकी हत्या कर दी।

New Delhi

## उत्तर-पश्चिम भारत के कई इलाकों में पारा 45 डिग्री पार, तीन दिन और लू से राहत नहीं

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश में मौसम के दो अलग-अलग रूप साथ देखने को मिल रहे हैं। उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के बड़े हिस्से भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं, जबकि पूर्वोत्तर राज्यों में भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार उत्तर भारत के कई इलाकों में अधिकतम तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में अगले तीन दिनों तक लू चलने की संभावना जताई गई है। मध्य भारत के पश्चिम मध्य प्रदेश और विदर्भ में भी गर्म हवाओं का असर जारी रहेगा। सिर्फ दिन ही नहीं, रातें भी गर्म रहने वाली हैं। उत्तर प्रदेश, हरियाणा और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में 'गरम रात'



की स्थिति दर्ज की गई है, जहां न्यूनतम तापमान भी सामान्य से काफी ऊपर बना हुआ है। इससे लोगों को रात में भी राहत नहीं मिल रही है। दूसरी ओर, पूर्वोत्तर भारत में मौसम पूरी तरह अलग है। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 27 अप्रैल से 2 मई तक तेज बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान है।

खेल

## गुजरात ने चेपॉक में चेन्नई को आठ विकेट से हराया सुदर्शन-शुभमन ने तोड़ा रोहित-ईशान का बड़ा रिकॉर्ड

**चेन्नई, (एजेंसी) गुजरात ने चेन्नई सुपर किंग्स को आठ विकेट से हरा दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चेपॉक में चेन्नई ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 158 रन बनाए थे। कप्तान ऋतुराज गायकवाड ने नाबाद 74 रन की बेहतरीन पारी खेली। जवाब में गुजरात ने साई सुदर्शन के 87 रन के दम पर जीत हासिल की। सुदर्शन के अलावा कप्तान शुभमन गिल ने 33 रन और जोस बटलर ने नाबाद 39 रन बनाए।**

इस जीत के साथ गुजरात की टीम आठ मैचों में चार जीत और चार हार के साथ आठ अंक लेकर पांचवें स्थान पर आ गई है। वहीं, चेन्नई की टीम आठ मैचों में तीन जीत और पांच हार के साथ छठे स्थान पर है। गुजरात का अगला मैच 30 अप्रैल को अहमदाबाद में आरसीबी से है। वहीं, सीएसके की टीम दो मई



को चेपॉक में मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी। शुभमन गिल और साई सुदर्शन के बीच 40 पारियों में यह 19वीं 50+ रन की साझेदारी रही, जो किसी भी भारतीय जोड़ी द्वारा सबसे ज्यादा है। इस जोड़ी ने रोहित शर्मा और ईशान किशन के 54 पारियों में बनाए गए 18 अर्धशतकीय साझेदारियों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

गुजरात के खिलाफ इस मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने सात विकेट गंवाकर 158 रन बनाए। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ का बल्ला आखिरकार चला और वह 60 गेंद में छह चौके और चार छक्कों की मदद से 74 रन बनाकर नाबाद रहे। उनके अलावा सीएसके का कोई बल्लेबाज नहीं चला।

पावरप्ले में सीएसके ने तीन विकेट गंवाकर 28 रन बनाए थे। वहीं, टीम 50 रन 12वें ओवर जाकर पूरी कर सकी। संजू सैमसन 11 रन, उर्विल पटेल चार रन और इम्पैक्ट सब के तौर पर उतरे सरफराज खान खाता खोले बिना आउट हुए। डेवाल्ड ब्रेविस भी दो ही रन बना सके। इसके बाद ऋतुराज ने शिवम दुबे के साथ 43 गेंद में 59 रन की साझेदारी निभाई। दुबे 17 गेंद में 22 रन बना सके।

वहीं, जेमी ओवरटन ने छह गेंद में 18 रन बनाए। कार्तिक शर्मा नौ गेंद में 15 रन बना सके। गुजरात की ओर से रबाडा ने तीन विकेट और अरशद खान ने दो विकेट झटके। इसके अलावा सिराज और मानव सुथार को एक-एक विकेट मिला। राशिद खान ने सिर्फ एक ओवर गेंदबाजी की और आईपीएल इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ।

जवाब में गुजरात ने 16.4 ओवर में दो विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। साई सुदर्शन ने 46 गेंद में चार चौके और सात छक्कों की मदद से 87 रन की पारी खेली। वहीं, गिल ने 23 गेंद में एक चौका और तीन छक्के की मदद से 33 रन बनाए। दोनों के बीच ओपनिंग विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी हुई।

सिनेमा

## इकलौता भारतीय एक्टर, जिसने दीं ₹100 करोड़ वाली 20 हिट फिल्में, SRK-सलमान और रजनीकांत तक को पछाड़ा



क्या आप जानते हैं कि भारतीय सिनेमा में ऐसा एक्टर कौन है, जिसकी एक नहीं, बल्कि 20 फिल्में 100 करोड़ के क्लब में शामिल हैं? इस एक्टर की पिछली हिट साल 2021 में आई थी, और तबसे आई हर फिल्म फ्लॉप या डिजास्टर ही रही है। और उससे पहले जो हिट फिल्म दी थी, वो 2019 में आई थी। पहचाना कौन है ये? बॉलीवुड में 100 करोड़ के क्लब की शुरुआत साल 2008 में आई आमिर खान की फिल्म 'गजनी' से हुई थी। देसी बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का कारोबार करने वाली वह पहली भारतीय फिल्म थी। तब से लेकर अब तक करीब 150 भारतीय फिल्मों ने यह मुकाम हासिल किया है, जिनमें से कुछ बड़ी हैं और कई छोटी। कई एक्टर्स की कई फिल्में इस 100 करोड़ क्लब में शामिल हैं, जो उनकी निरंतर सफलता का प्रमाण देती हैं। सलमान खान से लेकर शाहरुख, आमिर और कई एक्टर्स हैं, जिनकी फिल्में 100 करोड़ के क्लब में एंट्री पा चुकी हैं, पर एक एक्टर ऐसा है, जिसकी 20 फिल्में हैं, जो 100 करोड़ के क्लब में हैं। और ये हैं अक्षय कुमार।

## Highlights

1. Delhi govt to open 2 new AI Centres of Excellence: CM Rekha Gupta
2. Woman in WB receives letter from PM after gifting him his sketch
3. Hansraj College suspends 30 students over violence during fest, social media posts
4. Mamata accuses central forces of escorting criminals to 'capture' EVMs
5. TMC files complaint against BJP candidate for alleged misuse of national flag

# India, US agree to remain engaged after trade talks

**NEW DELHI, (Agency).** India and the US have agreed to "remain engaged" after three days of trade talks in Washington concluded on Wednesday, a commerce ministry statement said — signalling that the finalisation of an interim bilateral deal awaits the Trump administration instituting a legally tenable tariff framework after the US Supreme Court struck down the basis of reciprocal tariffs in February.

The Indian delegation, led by chief negotiator Darpan Jain, discussed "multiple areas such as market access, non-tariff measures, technical barriers to trade, customs and trade facilitation, investment promotion, economic security alignment and digital trade," the ministry said on Friday. The meetings were conducted in a "constructive and positive spirit" with "meaningful and forward-looking discussions" enabling progress on key matters, it added.

The round was the first face-to-face meeting since the two countries agreed on a framework for an interim deal on February 7. "The framework reaffirmed the countries' commitment to the broader



India-US Bilateral Trade Agreement negotiations," the ministry said. "Both sides agreed to remain engaged to maintain this momentum as they move forward."

Days before the delegation's departure, commerce secretary Rajesh Agrawal had said both parties were looking at finalising a legal agreement as a logical follow-up of the February 7 joint statement. "There is a need for further discussions and follow-up engagement to take this forward," he said.

At a hearing before the House ways and means committee on Tuesday, USTR Jamieson Greer confirmed that Indian negotiators were in Washington and that the two sides were actively discussing specific commodities, including dried distillers' grains, soybean meal and ethanol. "India is a tough nut to crack. They've protected their agricultural markets for a very long time. As part of this deal, they're going to want to protect a lot of that still. There are things though where I think we can find mutual agreement," he said.

India's foreign ministry spokesperson Randhir Jaiswal on Thursday said the talks were "ongoing and constructive." "Both sides are working towards a balanced, mutually beneficial and forward-looking trade agreement, taking into account each other's concerns and priorities, and to achieve a trade target of $500 billion by 2030," he said. That target would be more than double bilateral goods and services trade of roughly $212 billion in 2024.

# Morbi ceramic units eye full revival in May as Gujarat Gas ramps up PNG supply

**Ahmedabad, (Agency).** Morbi's ceramic industry, which has already recovered to around 290 operational units after a near-shutdown in March, is set to return to full capacity in May with 675–700 units expected to be running as Gujarat Gas ramps up piped natural gas supply to the cluster, a senior government official said on Friday. "Operations picked up in



April, with gas consumption rising from 0.36 million metric standard cubic metres per day (mmscmd) at the end of March, when about 83 units were operational, to 2.70 mmscmd by April 22, serving around 290 units," a Gujarat Gas official said.

Sandip Kundariya, president of the Floor Tiles Division of the Morbi Ceramic Manufacturers Association, said the cluster was on track to return to full strength by next month.

"Production has resumed across the cluster and most units are expected to be operational by May 10. Nearly 670 ceramic units in Morbi are connected to piped natural gas (PNG) supplied by Gujarat Gas and the industry is currently relying entirely on PNG," he told HT.

# फ्लैट में चल रहा था सट्टा कार से दबोचे आरोपी

## छुड़ाने के लिए भोपाल से फोन आने की भी चर्चा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** लसूडिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने शनिवार देर रात आईपीएल सट्टे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक फ्लैट में 9 लोग सट्टा चला रहे हैं, लेकिन कार्रवाई के दौरान कार से 5 आरोपियों को पकड़ा गया। उनके पास से लाखों रुपए नकद होने की बात सामने आई है। लसूडिया क्षेत्र के गुलमोहर कॉलोनी, डी-मार्ट के पास पुलिस को सूचना मिली थी कि राजस्थान और हैदराबाद के बीच चल रहे क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाया जा रहा है। बीट के जवान नरेन्द्र, उत्कर्ष और चरण सिंह ने कार्रवाई करते हुए मोहम्मद सिकंदर उर्फ सनी, उसके भाई मोहम्मद सुल्तान उर्फ बॉबी और अपूर्व यादव, अनुराग और करण को पकड़ा। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी "ड्रीम दिल्ली डॉट कॉम" और "एक्सच डॉट कॉम" जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए सट्टा संचालित कर रहे थे। उनके मोबाइल फोन से कई आईडी और ऑनलाइन पेमेंट से जुड़े ट्रांजैक्शन के सबूत भी मिले हैं। कार्रवाई के दौरान मौके पर हंगामा भी हुआ। पुलिस को एटीएम, चेकबुक और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सबूत भी मिले हैं, जो आईटी एक्ट से जुड़े हो सकते हैं। हालांकि फिलहाल पुलिस ने जुआ (गैंबलिंग) एक्ट के तहत ही मामला दर्ज किया है। सूत्रों के अनुसार, मौके से करीब 9 लोगों के पकड़े जाने की जानकारी थी, लेकिन बाद में सिर्फ 5 आरोपियों को थाने लाया गया। इन्हें छुड़ाने के लिए भोपाल से कुछ राजनीतिक लोगों के फोन आने की भी चर्चा है। पुलिस ने आरोपियों से नकदी मिलने की बात स्वीकार की है, लेकिन जब्त रकम का आधिकारिक खुलासा अभी नहीं किया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।



# महिला से छेड़छाड़ पड़ोसी पर FIR

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** विजयनगर इलाके में 40 वर्षीय महिला ने अपने ही पड़ोसी पर छेड़छाड़ और पीछा करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोपी लंबे समय से महिला को फोन कर परेशान कर रहा था और मना करने के बावजूद उसकी हरकतें जारी रहीं।

पुलिस के अनुसार, महिला ने बताया कि उसकी बिल्डिंग में रहने वाला मनोज पुत्र बालकराम साहू उस पर बुरी नजर रखता था। महिला जब अपनी सहेलियों के साथ योगा क्लास जाती थी, तब आरोपी उसका पीछा करता था। वह अलग-अलग मोबाइल नंबरों से बार-बार कॉल कर बात करने का दबाव बनाता था। परेशान होकर महिला ने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया, लेकिन इसके बाद भी आरोपी कभी अपनी पत्नी के नंबर से तो कभी अन्य नंबरों से कॉल करता रहा। महिला ने बताया कि जब वह अपनी बेटी को स्कूल बस तक छोड़ने जाती थी, तब आरोपी कुत्ता घुमाने के बहाने उसका पीछा करता और अकेले में बात करने की कोशिश करता था, साथ ही अश्लील इशारे करता था। पीड़िता का आरोप है कि जब उसका पति घर पर नहीं होता था, तब आरोपी मेंटेनेंस या अन्य बहाने बनाकर फ्लैट में घुसने की कोशिश करता था। करीब दस दिन पहले आरोपी ने सुबह महिला के घर की डोर बेल बजाई। जब वह बाहर आई तो उसने उसके कपड़ों को लेकर टिप्पणी की और मोबाइल से फोटो ले लिया। महिला ने पुलिस बुलाने की बात कही तो आरोपी ने खुद ही पुलिस बुलाकर झूठे आरोप लगाने की कोशिश की। पीड़िता ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज, कॉल और मैसेज की जानकारी सौंपी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

## 14 वर्षीय नाबालिग से छेड़छाड़

**इंदौर।** भंवरकुआं इलाके में 14 वर्षीय नाबालिग से छेड़छाड़ और पीछा करने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक दूध देने के बहाने घर आता था और पहचान का फायदा उठाकर बच्ची को लगातार परेशान कर रहा था। पुलिस के अनुसार, आरोपी मनीष कुशवाह निवासी त्रिवेणी नगर घर दूध देने आता था, जिससे बच्ची उसे पहचानती थी। वह बार-बार उससे बात करने की कोशिश करता था, लेकिन मना करने के बावजूद भी नहीं माना। पीड़िता ने बताया कि आरोपी करीब दो महीने से उसका पीछा कर रहा था और बुरी नीयत से परेशान कर रहा था। आरोपी घर के नंबर पर भी लगातार कॉल करने लगा। 24 अप्रैल को उसने अपने मोबाइल से पीड़िता के पिता के नंबर पर कॉल कर बच्ची से बात कराने को कहा, जिससे परिवार परेशान हो गया। इसके बाद पीड़िता अपने पिता के साथ थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## बीमारी से दुखी युवक ने की आत्महत्या

**इंदौर।** खजराना में रहने वाले एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। वह गंभीर बीमारी से पीड़ित था। उसे छोटे भाई ने अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उसकी मौत हो गई। खजराना पुलिस के अनुसार अय्यूब (45) पिता इब्राहिम शेख को उसका भाई सलीम 12 अप्रैल की रात में एमवाय अस्पताल लेकर आया था। शनिवार रात उसकी वहां मौत हो गई। अय्यूब के परिजनों ने बताया कि वह करीब 15 सालों से गंभीर बीमारी से जूझ रहा था। इसके चलते वह काम पर भी नहीं जा पाता था। उसने शादी भी नहीं की थी। इन परिस्थितियों से परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली। अय्यूब के परिवार में उसका छोटा भाई सलीम है, जो ड्राइवरी का काम करता है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक